हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री


13 अब गांव की समस्याओं का समाधान गांव में ही होगा


14 संडे स्कूल के बच्चों के एक्शन सांग और लघु नाटक ने ...

## खबर संक्षेप

### कल्ले में गुरू घासीदास जयंती 24 को



**जीजामगांव।** ग्राम कल्ले में इस वर्ष भी जय सतनाम नव युवा समिति एवं सतनामी समाज के तत्वाधान में 24 दिसंबर बुधवार को बाबा गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया है। एक बजे कलश यात्रा निकल जाएगी। रात्रि में भूले बिसरे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोंगरापाली तेंदूकोना महासमुंद की मनमोहक प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

### सांसद खेल महोत्सव 22 व 23 दिसंबर को

**नगरी।** विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन 22 एवं 23 दिसंबर को खेल मैदान छिपली में किया जाएगा। खेल महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 9 बजे से होगा। मुख्य अतिथि भोजराज नाग सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर होंगे। अध्यक्षता अंबिका मरकाम विधायक सिहावा करेंगी। विशिष्ट अतिथि अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा धमतरी, महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत, बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत, हदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, विकास बोहरा उपाध्यक्ष नगर पंचायत, लिखेश्वरी पोटाई सरपंच छिपली होंगे।

### विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 23 को

**कुरुद।** युवाओं एवं विद्यालयीन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने तथा जिले में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत संकुल स्तरीय प्रतियोगिताएं पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में अब विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। विधानसभा कुरुद की विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को प्रातः 9 बजे से स्थान अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम कुरूद में होगी। विधानसभा कुरूद में कुल 6 क्लस्टर संकुल बनाए गए थे जिसमें पचपेड़ी ,बगौद, चर्रा, कठौली, नगर पालिका कुरूद एवं भेंड्री शामिल हैं। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी एवं टीमें विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

## राजीव गांधी न्याय योजना के तहत 4,90,500 रूपये का हुआ भुगतान, होगी वसूली

# फर्जीवाड़ा : बीज निगम और सहकारी समिति दोनों जगह धान बेचकर किसानों ने लिया दोहरा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कोड़ेबोड़, भाठागांव, अछोटी, बगौद के चार किसानों द्वारा बीज निगम तथा सहकारी समितियों में धान बेचकर दोहरा लाभ लेने का मामला सामने आया है। चारों किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना के तहत 4,90,500 रूपये का भुगतान किया गया है। अब वसूली के लिए छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। मामले का खुलासा होने के बाद बीज निगम तथा सहकारी समितियों में हड़कंप है।

ग्राम चर्रा निवासी आरटीआई एक्टीविस्ट एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोहन पटेल ने सन 2024 में कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री समक्ष लिखित शिकायत की थी कि बीज निगम तथा सहकारी समिति दोनों स्थानों पर धान विक्रय कर दोहरा लाभ लिया जा रहा है। मामले की जांच कर दोषी पर कार्रवाई की मांग की थी। सहकारिता विभाग के जांच अधिकारी एस प्रसाद ने अपने जांच प्रतिवेदन में कहा है कि बीज निगम मरौद से उपलब्ध कृषक सूची अनुसार संबंधित सदस्यों द्वारा सोसायटी में बेचे गए धान वर्ष 2020-21 एवं वर्ष 2021-22 की जांच की गई। कृषकों एवं लिपिक के बयान से स्पष्ट है कि बीज निगम ने पैक्स कुरूद, गाड़ाडीह, कोड़ेबोड़, थूहा, बगौद, भाठागांव की समितियों को पंजीकृत


मोहन पटेल

कृषकों की सूची उपलब्ध नहीं कराने के कारण किसानों ने दोनों जगह धान बेचने पंजीयन कराया और शासन तथा समिति को धोखे में रखकर धान का विक्रय किया। किसान स्वीकार कर रहा है कि उन्होंने बैंक खाते में धान राशि व बोनस राशि प्राप्त की है। जांच अधिकारी एस प्रसाद ने दोनों जगह पर धान बेचने के लिए धान कहां से प्राप्त किया, इसे प्रश्नागत किया है।

इधर अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनोजसागर ने प्रकरण की जांच की है। जांच प्रतिवेदन में किसानों ने दोनों संस्था बीज निगम, सहकारी समिति में पंजीयन कराकर निर्धारित लिमिट के अनुसार धान का विक्रय किया है। बीज निगम ने 2020-21 में पंजीकृत किसानों की जानकारी समिति, नोडल को प्रदान नहीं की थी लेकिन 2021-22 में पंजीकृत बीजोत्पादक किसानों की सूची नोडल अधिकारी को प्रदान किया जाना स्पष्ट है लेकिन उन किसानों ने दोनों संस्था में धान बेचा है। बीज निगम द्वारा पंजीकृत किसानों की जानकारी प्रदान करने के बाद भी नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक धमतरी ने किसानों को धान बेचने से प्रतिबंधित नहीं किया।

प्रतिवेदन अनुसार 4 कृषकों की कुल राशि 4.90 लाख रूपये का भुगतान राजीव गांधी न्याय योजनांतर्गत सन 2020-21 में किया गया है जिसमें कोड़ेबोड़ के किसान रामलाल भतपहरी 1,12,500, भाठागांव के किसान रामनारायण साहू 90 हजार, लोकेश चंद्राकर अछोटी 18 हजार, त्रिलोकचंद जैन बगौद 2.70 लाख शामिल है। वहीं सन 2021-22 में रामलाल, रामनारायण, शकुंतला भाठागांव, त्रिलोकचंद, श्रीमती पार्वती ने दोनों जगह धान बेचा है लेकिन इस वर्ष राजीव गांधी न्याय योजना का भुगतान नहीं किया गया है। प्रतिवेदन में कहा गया है कि छग शासन कृषि विकास कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्रालय के दिशा निर्देश में आवेदन पत्र में गलत जानकारी देकर सहायता राशि प्राप्त करने वाले कृषकों से भू- राजस्व संहिता के प्रचलित प्रावधान अनुसार राशि की वसूली की जाएगी। वर्ष 2020-21 में डीपी सिंह एवं वर्ष 2021-22 में शिवनाथ प्रसाद बीज प्रबंधक के रूप में प्रक्रिया केन्द्र मरौद में पदस्थ थे। दोनों वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

# दृष्यता कम होने पर गाड़ी खड़ी कर दें, हैजर्ड लाइट ऑन रहने दें


कोहरे भरे मौसम में दुर्घटना कम करने ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंचल में कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है। सुबह सुबह कोहरे के कारण दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए यातायात पुलिस ने सुबह वाहनों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने सलाह दी है कि सुबह ज्यादा घना कोहरा होने की स्थिति में वाहन को सुरक्षित जगहों पर खड़ी कर दें और हैजर्ड लाइट ऑन कर दें।

जिले में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। सुबह सुबह काफी घना कोहरा देखने को मिल रहा है। कई दिन तो कोहरा इतना ज्यादा होता है कि सड़क पर कुछ नजर ही नहीं आता है। इस स्थिति में दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ट्रैफिक पुलिस ने दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहन चालकों को सावधानी बरतने की अपील की है। यातायात पुलिस ने कहा है कि घने कोहरे में दृश्यता (विजिबिलिटी) कम हो जाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में सावधानी ही सुरक्षित सफर और सुरक्षित जीवन का सबसे मजबूत आधार है। पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि कोहरे की स्थिति में वाहन चलाते समय लो बीम लाइट का प्रयोग करना चाहिए। वाहन की गति सीमित और संयमित रखना जरूरी है। आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखे, ओवरटेकिंग से बचें, विंडशील्ड एवं शीशे साफ रखें, यदि कोहरा अत्यधिक हो और आगे दिखाई न दे तो वाहन को सुरक्षित स्थान पर पार्क करें। रुके हुए वाहन पर हैजर्ड लाइट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें, सड़क पर बने मार्किंग लेन का पालन करें। स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें।

# घर के पास खेल रही बच्ची को पागल कुत्ते ने काटा

■ पोटियाडीह की घटना, उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



घर के पास खेल रही बच्ची पर एक पागल कुत्ते ने हमला कर बुरी तरह से नोंचकर घायल कर दिया। बच्ची को उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना के ग्राम पोटियाडीह में इन दिनों पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है। वे बच्चों को लेकर काफी चिंतित हैं। एक पागल कुत्ता लोगों पर लगातार हमला कर रहा है। दो दिन पहले एक ग्रामीण पर हमला किया था। इस घटना के बाद पागल कुत्ते ने साढ़े पांच साल की बच्ची पर हमला कर बुरी तरह से नोंचकर घायल कर दिया है। पोटियाडीह निवासी हुमेश्वर साहू की साढ़े पांच वर्षीय बेटी प्रियांशी साहू गुरूवार की शाम अपने घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान एक पागल कुत्ता पहुंच गया। कुत्ते ने खेल रही बच्ची पर अचानक हमला कर सिर व हाथों को नोंचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसी तरह बच्ची को कुत्ते से बचाकर लहुलूहान हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार पर आवश्यक एंटीरैबीज वैक्सीन लगाकर इलाज किया गया। बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर कर दिया है। घायल बच्ची को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से गांव में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया गंगरेल का जैव विविधता पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पांच साल पहले वन विभाग द्वारा प्रस्तावित गंगरेल का जैव विविधता पार्क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। 1000 हेक्टेयर में बनने जा रहा यह पार्क अब एक सपना बनकर रह गया है। जाली तार का घेरा जगह-जगह से टूट गया है। चोरी भी होने लगी है।

उल्लेखनीय है कि गंगरेल मार्ग में भिलाई नहर से लेकर सोरम-भिलाई नहर पुल तक सोरम पुल से डांगीमाचा मार्ग होते हुए गंगरेल से भिलाई नहर तक 1000 हेक्टेयर जंगल को जैव विविधता पार्क के रूप में विकसित किया जाना था। इस एरिया को तार घेरा करने के लिए 2 करोड़ रूपये की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई। इस राशि से 13728.50 मीटर तार घेरा किया जाना था। विभागीय कार्य शुरू हुआ। तार घेरा का कार्य जोर-जोर से किया जाने लगा। तभी घेराबंदी कार्य को लेकर अनियमितता की शिकायत हुई। शिकायत जांच में पाया गया कि प्रत्येक दस फीट की दूरी में पाईल गड्ढा कर कॉलम निकालना था लेकिन पाईल गड्ढा किए बिना ही कॉलम निकाला गया है। जांच में अनियमितता पाए जाने के बाद निर्माण कार्य पर ब्रेक लग गया।

धमतरी रेंजर संदीप सोम ने बताया कि इस मामले का प्रकरण अभी चल रहा है। जैव विविधता पार्क पेंडिंग में चला गया है।

**एक हजार हेक्टेयर में बनना था पार्क**



**क्या है जैव विविधता पार्क**

वन विभाग के जैव विविधता कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण कार्य और उद्देश्य होते हैं। इसमें प्राकृतिक वनों और वन्यजीवों की विविध प्रजातियों, उनके आवासों और आनुवांशिक संसाधनों की रक्षा करना, पर्यावरणीय स्थिरता और पारिस्थितिक संतुलन को सुनिश्चित करना, वनों का वैज्ञानिक प्रबंधन, वनों की कटाई या अन्य कारणों से खराब हुए वन क्षेत्रों का पुनर्वास, स्थानीय समुदायों के लिए स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करना और वन प्रबंधन में उनकी भागीदारी, मृदा एवं जल संरक्षण जैसे अनेक कार्य शामिल हैं।

# कांग्रेस पार्षदों के आंदोलन से निगम ठेकेदारों ने झाड़ा पल्ला

■ कहा : न तो निगम प्रशासन से कोई समस्या है और न ही महापौर से कोई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को लेकर नगर निगम ठेकेदार एसोसिएशन ने अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया है। एसोसिएशन ने साफ शब्दों में कहा है कि कांग्रेस पार्षदों के किसी भी आंदोलन को नगर निगम के ठेकेदारों का कोई समर्थन नहीं है और इस आंदोलन से ठेकेदारों का दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है।

नगर निगम ठेकेदार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य भुनेश चक्रधारी, राजू कुरैशी, राकेश तिवारी, मुकेश फौजदार, पिंटू अग्रवाल, डायमंड देवांगन, मंशाराम साहू, अनिल कौशिक, विजय पांडे और सनी ठाकुर ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि ठेकेदारों की ओर से न तो किसी आंदोलन को समर्थन दिया गया है और न ही भविष्य में ऐसा कोई इरादा है।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार के बाद शनिवार को अवकाश होने के कारण आंदोलन स्थल के समीप कुछ कुर्सियां खाली पड़ी थीं। उसी दौरान कुछ ठेकेदार वहां जाकर बैठ गए, जिसका किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोटो व वीडियो बनाकर गलत आशय के साथ सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे ठेकेदारों की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई।

एसोसिएशन ने यह भी स्पष्ट किया कि नगर निगम के ठेकेदारों को न तो निगम प्रशासन से कोई समस्या है और न ही महापौर से कोई नाराजगी। ठेकेदारों का कहना है कि महापौर रामू रोहरा द्वारा हमेशा सहयोगात्मक रवैया अपनाया गया है, ऐसे में असंतोष या विरोध का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। वरिष्ठ सदस्य पिंटू अग्रवाल ने कहा कि यह विपक्षियों की चाल है ताकि संगठन व महापौर का संबंध खराब हो।

# टेंट निकालने गए युवक की हाइटेंशन तार की चपेट में आने से हुई मौत



■ कोचेरा की घटना

**धमतरी।** टेंट का पाइप लोड करने पिकअप के ऊपर चढ़ा युवक हाइटेंशन तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार खोमेन्द्र साहू पिता गोपेश्वर उम्र 22 वर्ष ग्राम मोहारा थाना सनौद निवासी पीजी कालेज धमतरी में एमएससी की पढ़ाई कर रहा था। युवक अपने भाई गोयल साहू के साथ गांव में टेंट लगाने का भी काम करता था। इन दिनों उनका टेंट ग्राम कोचेरा थाना गुरूर में लगा था जिसे निकालने के लिये दोनों भाई शुक्रवार को घर की पिकअप से ग्राम कोचेरा गए थे। दोनों भाई टेंट का सामान निकाल पिकअप में रख रहे थे। इसी दौरान खोमेन्द्र सामान भरने के लिये पिकअप को पीछे कर उस ऊपर चढ़ गया। जहां पिकअप को खड़ा किया था, उसके ऊपर से हाइटेंशन विद्युत तार गुजरा हुआ था जो काफी नीचे था। पिकअप पर चढ़ा युवक अचानक हाइटेंशन तार की चपेट में आ गया। हाईवोल्ट का करंट लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये तत्काल गुरूर अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए घायल को धमतरी रिफर कर दिया। एम्बुलेंस की मदद से घायल को श्रीराम अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद दोपहर 3 बजे युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



## खबर संक्षेप



### जीजामगांव में घासीदास जयंती समारोह आज

**जीजामगांव।** गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज के तत्वावधान में ग्राम जीजामगांव में 22 दिसंबर को जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिला पंचायत धमतरी होंगी। अध्यक्षता श्रीमती गंगा साहू सदस्य जनपद पंचायत कुरूद करेंगी। विशेष अतिथि देवचरण चंद्राकर सरपंच होंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 22 दिसंबर को झंडा तोलन, जय सफरा बालिका पंथी पार्टी धौराभाठा कुंडेल एवं सत्य के संदेश उजागर पंथी नर्तक दल ग्राम जरवाय पाटन की प्रस्तुति होगी। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए शिव भोला करमतरा जालबांधा जिला खैरागढ़ छुईखदान का नाचा कार्यक्रम होगा।

## निधन

### बृजमोहन दास

**मगरलोड।** मधुबन धाम के प्रेरणास्रोत संत शिरोमणि बृजमोहन दास अयोध्याधाम निवासी का आकस्मिक निधन 16 दिसंबर को हो गया। धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सनातनी प्रचारक संत के निधन से क्षेत्र के भक्तों में शोक की लहर है। ग्राम अरौद, गिरौद, सौंगा, हरदी, बेलौदी, सांकरा, भोथीडीह, रांकाडीह, कुंडेल, खैरझिटी सहित अन्य गांव के भक्तों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

### उमरगांव के ग्रामीणों ने लिया ऐतिहासिक फैसला : शांति भंग करने पर होगा जुर्माना

# अब न गांव में शराब बनेगी और न ही जुए का फड़ सजेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

उमरगांव में नशा मुक्ति की दिशा में एक ऐतिहासिक और सराहनीय पहल करते हुए ग्रामवासियों ने शराब और जुए के विरुद्ध कठोर निर्णय लिया है। गांव में आयोजित बैठक में में सर्वसम्मति से तय किया गया कि अब ग्राम उमरगांव में न तो शराब का निर्माण किया जाएगा और न ही उसका विक्रय होगा। साथ ही अवैध रूप से कच्ची शराब बनाने, बेचने अथवा शराब सेवन कर गांव की शांति भंग करने वालों पर जुर्माना सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञात हो कि जहां अक्सर गांवों की पहचान शराब, जुए और आपसी कलह से जुड़ जाती है, वहीं नगरी ब्लॉक का ग्राम उमरगांव अब एक बड़ी मिसाल बनकर उभरा है। यहां बदलाव कोई शासकीय आदेश से नहीं, बल्कि गांव वालों की सामूहिक चेतना से आया है।

### नशा नहीं भविष्य चाहिए

खास बात यह रही कि इस फैसले में महिलाओं की भूमिका सबसे मजबूत नजर आई। उन्होंने साफ कहा नशा नहीं, भविष्य चाहिए। युवाओं ने भी जिम्मेदारी लेते हुए गांव की निगरानी में सहयोग का संकल्प लिया। बुजुर्गों ने इसे गांव की खोई हुई शांति लौटाने वाला कदम बताया। फैसला सिर्फ कागजों तक



सीमित न रहे, इसके लिए ग्राम स्तरीय समिति का गठन भी किया गया, जो नियमों के पालन पर नजर रखेगी और जरूरत पड़ने पर सख्त कार्रवाई करेगी। ग्रामवासियों का मानना है कि यह निर्णय सिर्फ शराब और जुए पर रोक नहीं है, बल्कि एक नई सोच की शुरुआत है जहां गांव अपनी समस्याओं का समाधान खुद करता है।

### ताश, जुआ पर भी हुआ निर्णय

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गांव में किसी भी प्रकार के ताश जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे। ग्रामवासियों ने इस निर्णय को सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन की दिशा में एक आवश्यक और निर्णायक कदम बताते हुए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। इस आमसभा में सभी ने एक स्वर में नशा मुक्त गांव के निर्माण का संकल्प लिया और इसे प्रभावी रूप से लागू करने हेतु सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आश्वासन दिया।

### सतत निगरानी के लिए समिति गठित

नशा मुक्ति अभियान की सतत निगरानी एवं प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से ग्राम स्तरीय समिति का गठन भी किया गया। अध्यक्ष मोहन पुजारी, उपाध्यक्ष सीताराम ध्रुव, उपाध्यक्ष श्रीमती हेमवती साहू, सचिव चंद्रभान यादव, सह सचिव गजेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष अजय सिन्हा बनाए गए। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि इस सामूहिक और अनुशासित निर्णय से ग्राम उमरगांव में शांति, सद्भाव एवं सामाजिक सुधार को नई दिशा मिलेगी। साथ ही आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित, स्वस्थ और नशा मुक्त वातावरण प्रदान करने में यह पहल मील का पत्थर साबित होगी।

# गरीबों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा

- स्टेशनपारा के प्रभावित परिवारों से महापौर ने की मुलाकात
- कृषि उपज मंडी में शिफ्ट करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महापौर रामू रोहरा रविवार की सुबह डागा धर्मशाला पहुंचे और स्टेशन पारा के प्रभावित नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं मौके पर ही सुनीं। तकरीबन दो घंटे तक सभी प्रभावित परिवार से रूबरू होकर उनकी तकलीफों को महसूस किया। लोगों ने उन्हें अपनी समस्याएं बताई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक भी प्रभावित परिवार को असहाय न छोड़ा जाए और सभी को तत्काल कृषि उपज मंडी प्रांगण में अस्थाई रूप से शिफ्ट किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि



शिफ्ट किए गए नागरिकों को पेयजल, बिजली, शौचालय, साफ-सफाई और अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। महापौर ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ़ सत्ता की नहीं, बल्कि हर गरीब, हर पीड़ित और हर जरूरतमंद की सच्ची चिंता करने वाली सरकार है। भाजपा सरकार दिखावे की राजनीति नहीं करती, बल्कि संकट की घड़ी में जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहती है। महापौर ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास गरीबों के नाम पर केवल छल, झूठ और उपहास उड़ाने का रहा है। कांग्रेस ने दशकों तक गरीबों को सिर्फ़ नारे दिए, न घर दिया, न सुविधा दी, न सम्मान दिया। आज जब भाजपा सरकार ज़मीन पर काम कर रही है, तो कांग्रेस को यह हज़म नहीं हो रहा। कांग्रेस की राजनीति अब हताशा और भ्रम फैलाने तक सिमटकर रह गई है।

महापौर ने दो टूक कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और हर प्रभावित नागरिक को सम्मानजनक सुविधा और सुरक्षा देना प्रशासन की जिम्मेदारी है, जिसे हर हाल में निभाया जाएगा।

मौके पर एमआईसी प्रभारी अखिलेश सोनकर, पिंटू यादव, मेघराज ठाकुर, कुलेश सोनी, संतोष सोनकर, संजय देवांगन, छोटू वर्मा, महेंद्र खंडेलवाल उपस्थित थे।

# ग्राम कलारतराई में हुआ गौरव पथ नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

- मजबूत बुनियादी ढांचा से ही गांवों का विकास होगा : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पंचायत कलारतराई में विधायक ओंकार साहू ने 21 लाख रुपये की लागत से बनने वाले गौरव पथ, सहनाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि गांवों का समग्र और संतुलित विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गौरव पथ एवं नाली निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा, स्वच्छता में सुधार तथा जल निकासी की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मजबूत बुनियादी ढांचा ही गांवों को



आगे बढ़ाने और ग्रामीण जीवन को सुगम बनाने का आधार है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि कलारतराई में गौरव पथ और नाली निर्माण जैसे कार्य ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी, जो पूरी हुई।

मौके पर गीतेश्वरी साहू जनपद सदस्य, सरपंच कुलदीप ध्रुव, हिमांशु चन्द्रशेखर साहू, उपसरपंच माधवेंद्र हिरवानी, निरंजन साहू, लवणकिशोर साहू, यशवंत साहू, नंदकुमार मानिकपुरी, सुशीला साहू, कुंती साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

# बीएलओ-2 को मिला एसआईआर द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

- विधायक अजय चंद्राकर ने किया निरंजन का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भाजपा कार्यालय कुरुद में देशभर में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें बूथ एजेंटो बीएलओ-2 एवं सेक्टर प्रभारियों को नया नाम जोड़ने, मृत व्यक्तियों का नाम काटने तथा प्रथम चरण में भरे गए फार्म का सत्यापन करने संबंधी जानकारी दी गई।

रविवार को आयोजित



कार्यशाला में एसआईआर के भाजपा प्रदेश प्रभारी कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि इस कार्य में सभी शासन-प्रशासन का सहयोग करें और स्वस्थ राजनीति के लिए भी जागरूक रहें ताकि हमारे अधिकार



को कोई ग़ैर नागरिक हनन न कर सकें। इसके पहले नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानू चंद्राकर ने बाहर से आये हुए वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता निरंजन सिन्हा को छग शासन द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष बनाये जाने पर और बाबी कश्यप को उपाध्यक्ष बनाये जाने पर विधायक अजय चंद्राकर समेत भाजपाइयों ने स्वागत-अभिनंदन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, भाजपा जिला प्रभारी डा. किरण बघेल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विजय मिश्रा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, बूथ अध्यक्ष एवं बूथ एजेन्ट सहित विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# नगर पंचायत भखारा में छोटे बच्चों ने पी पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

जिले में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सरकार द्वारा पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का आयोजन 21 दिसम्बर से प्रारंभ किया गया है। नगर पंचायत भखारा में सुबह 8 बजे से पोलियो बूथ में 0 से 5 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। छोटे बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर पूर्व पार्षद संतोषी निषाद ने अभियान की शुरुआत की। उन्होंने नगरवासियों से



छोटे बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने की अपील की है।

# परखंदा में पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

जिले में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सरकार द्वारा पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का आयोजन 21 दिसम्बर से किया गया है । इस अभियान के अंतर्गत ग्राम परखंदा में सुबह 8 बजे से दो पोलियो बूथ में 0 से 5 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान की शुरूआत गांव के सरपंच पति मोहित कुमार साहू ने सर्वप्रथम अपने बच्चे को पोलियो की दो बूंद पिलाकर की। मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परखंदा की आरएचओ आरती शर्मा, मितानिन वसुंधरा राव, जानकी निषाद, पंच मनोज पटेल, नरेंद साहू, रोहन पटेल, जागेश्वर साहू सहित छोटे बच्चे उपस्थित थे।

# गुरू घासीदास का संदेश आज भी प्रासंगिक : शशांक





- कुरुद कॉलेज में हुई पंथी नृत्य प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद में गुरू घासीदास जयंती पर पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शशांक कृदत्त थे। अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक एमएस साहू ने की। संचालक सुश्री रेणु पाटले सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने किया।

शशांक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरू घासीदास के मनखे-मनखे एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक है। वरिष्ठ प्राध्यापक एमएस साहू ने भी अपने विचार रखे। पंथी नृत्य प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग के चार दलों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर महाराणा प्रताप हाऊस के दल ने हासिल किया। द्वितीय स्थान पर पृथ्वीराज चौहान हाउस तथा तृतीय स्थान पर सम्राट अशोक हाउस ने कब्जा जमाया। छत्रपति शिवाजी हाउस को सांतवना स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। ज्योति पटेल ने बाबा गुरू घासीदास की जीवनी और संदेशों पर आधारित कविता पाठ किया।

मौके पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओमजी गुप्ता, अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. फिरोज कुमार सोनवानी, रसायनशास्त्र के विभागाध्यक्ष राकेश कुमार सोनकर समेत अन्य उपस्थित थे।

# चमरूराम ने ली पेंशनर्स समाज की सदस्यता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी की बैठक में धनोरा निवासी चमरूराम नेताम ने समाज की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पेंशनर्स समाज के तहसील अध्यक्ष आरएल देव नेताम का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें संगठन से जोड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की। पदाधिकारियों ने कहा कि नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलती है तथा पेंशनर्स के हितों के लिए सामूहिक प्रयास और अधिक प्रभावी होंगे।

# बाबा ने सत्य की राह पर चलने का दिया उपदेश : गायकवाड़

- गातापार, खपरी, कुम्हारी में मनाई गई घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

शनिवार को कुरुद विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत गातापार, खपरी, कुम्हारी में आयोजित घासीदास जयंती कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कुलेश्वरी गायकवाड़ ने जैतखाम और गुरु की पूजा-अर्चना कर पालो चढ़ाया।

अपने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर जिला पंचायत सभापति श्रीमती



गायकवाड़ ने समाज को मनखे-मनखे एक समान और नशामुक्ति की राह पर चलकर गुरु घासीदास बाबा के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज हम गुरु घासीदास की 269वीं जयंती मना रहे हैं। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि बाबा ने छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर जन्म लिया। गुरु घासीदास ने सतनाम समाज की स्थापना कर हमें सत्य की राह पर चलने का उपदेश दिया और सभी मनुष्य को एक समान बताते हुए साथ मिलजुल कर रहने को कहा था। नशामुक्ति और भेदभाव रहित समाज की रचना कर हम उनके संदेश को जनमन तक पहुंचा सकते हैं। पूर्व जनपद सदस्य सुनील गायकवाड़ ने भी अपने विचार रखे।

मौके पर ग्राम भंडारी दशरथ बर्मा, सरपंच धर्मिन यादव, उपसरपंच मनहरण चतुर्वेदी, नारायण साहू, शेखन साहू अशोक, लैनुराम केशरी, सुखचैन बर्मा, सुखचंद कोसरे, धनीराम हरिवंश, विष्णु दिली, कृष्णा केसरी, महेंद्र खरे, राकेश कौशल, संजय कुशल, जितेंद्र टंडन, राधेलाल सोनवानी, गैंदलाल बघेल, धर्मदास चंदेल, रामकुमार कौशल, रोशन हरिवंश, घनश्याम बंजारे, डेमन पटेला, नेमीचंद डहरे उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### संकरी में मनाई गई घासीदास जयंती



**सिर्री।** ग्राम संकरी में इस वर्ष भी सतनामी समाज द्वारा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मौके पर सरपंच श्रीराम श्रीहोल, उपसरपंच राजेंद्र साहू, रामदयाल, योगेश साहू, महेश, लता, गिरधारी, देवकी, नेमीचंद, हीराबाई, चमेली, भुनेश्वरी, सूरज, भावना, पूजा, चंदन सहित अन्य समाजजन एवं ग्रामीणजन शामिल रहे।

### पोलियो की दो बूंद अमृत के समान : कुलेश



**धमतरी।** पल्स पोलियो के सघन राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर वार्ड में पार्षद कुलेश सोनी ने बच्चों को ड्रॉप्स पिलाकर किया। श्री सोनी ने कहा कि शिशुओं को पोलियो की दो बूंद उनके जीवन रक्षक के रूप में अमृत के समान है इसलिए प्रत्येक बच्चों को समय पर पोलियो ड्रॉप्स पिलाकर बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करने का महती धर्म निभाएं। मौके पर राजू साहू, राजश्री नाग, राधिका, सरिता चंदेल, किरण गौतम, अनीता सोनी उपस्थित थे।

### निगम क्षेत्र में 14 हजार बच्चों को दी जाएगी जीवन रक्षक खुराक : नीलेश



**धमतरी।** पल्स पोलियो अभियान तहत सदरउत्तर वार्ड की आंगनबाड़ी में स्वास्थ्य विभाग के सभापति नीलेश लूनिया ने 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियों की ड्रॉप पिलाकर अभियान की शुरुआत की। श्री लूनिया ने बताया कि पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 21 दिसंबर को 0 से 5 वर्ष के निगम के 14000 बच्चों को 73 बूथों पर एक साथ पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के दूसरे दिन 22 व तीसरे दिन 23 दिसंबर को छूटे हुए बच्चों को कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर पोलियो की खुराक पिलाएंगे। माता-पिता अपने बच्चों को पल्स पोलियो की ड्रॉप अवश्य पिलायें और पोलियो जैसी बीमारी के खिलाफ इस अभियान का हिस्सा बने।

### शिक्षिका आयुषी को विनोबा टीम ने किया सम्मानित




**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल की सहायक शिक्षिका आयुषी साहू को एफएलएन गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए विनोबा टीम ने लाइब्रेरी बैग प्रदान कर सम्मानित किया। यह पुरस्कार विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एफएलएन गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विनोबा ऐप पर नियमित व गुणवत्तापूर्ण अपलोड के आधार पर प्रदान किया गया। इस उपलब्धि में एडीपीओ साहू एवं एडी सूर्यवंशी सर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस उपलब्धि पर प्राचार्य राहुल नेताम, व्याख्याता ऋषभ चंद्राकर, चंद्रकमल सिन्हा , शर्मिष्ठा पवार, नंदिनी गोरले सहित सेजेस स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### पंचायत सचिव के स्थानांतरण में संशोधन की मांग

**धमतरी।** प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ जिला धमतरी ने पंचायत सचिव प्रकाश चंद्राकर के स्थानांतरण को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। सचिव संघ के अध्यक्ष भूपेश कुमार सिन्हा ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन में कहा है कि जनपद पंचायत कुरूद के ग्राम मंदरौद में पदस्थ सचिव प्रकाश चंद्राकर का स्थानांतरण जोरातराई सी में किया गया है जो 38 किमी दूर है। उसके घर में बूढ़ी मां है। उसकी देखरेख में परेशानी को देखते हुए आदेश को संशोधित कर उन्हें ग्राम पंचायत बानगर या गुदगुदा में पदस्थ करने की मांग की।



## मड़ेली की महापंचायत में लिए गए अहम फैसले

# अब गांव की समस्याओं का समाधान गांव में ही होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव



ग्राम मड़ेली में महापंचायत का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की अपार भीड़ के बीच गांव के विकास, अनुशासन और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। महापंचायत में यह संकल्प लिया गया कि अब गांव की समस्याओं का समाधान गांव में ही किया जाएगा और प्रत्येक ग्रामीण को अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिलेगा।

महापंचायत में परिया घुरुवा क्षेत्र में अवैध रूप से मकान निर्माण पर पूर्ण रोक लगाने का निर्णय लिया गया। फसलों को आवारा पशुओं से बचाने के लिए रखवार की व्यवस्था लागू की जाएगी। साथ ही चॉइस सेंटर संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित सेवा शुल्क की सूची अनिवार्य रूप से चस्पा करने के निर्देश दिए गए। खुले में डिस्पोजल बेचने वालों एवं अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा आवारा पशुओं के लिए उचित प्रबंध किए जाएंगे।

महापंचायत में जन अदालत की व्यवस्था लागू करने पर सहमति बनी, जिसके तहत किसी भी ग्रामीण की समस्या का अंतिम निपटारा एक सप्ताह के भीतर किया जाएगा।

इस अवसर पर सरपंच श्रीमती वीणा लक्ष्मीनारायण, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन, जनपद सदस्य ठाकुरराम साहू, संरक्षक शारदा लोकनाथ साहू, नारायण गिरी गोस्वामी सहित विकास समिति अध्यक्ष संतराम साहू, उपाध्यक्ष ताराचंद साहू, सचिव चेतन साखरे, कोषाध्यक्ष लाल सिंह चंदेल, मीडिया प्रभारी शेखर साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

महापंचायत के फैसलों का ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए इसे गांव के विकास और शांति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

# प्रत्याशियों ने भरा नामांकन फार्म, आज नाम वापसी

- छग निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर का होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



छग निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर के पदाधिकारियों का चुनाव होना है। चुनाव पर्यवेक्षक शंभू निषाद ने बताया कि डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पुरुष महिला के लिए एक-एक पद, महासचिव व कोषाध्यक्ष पद हेतु मतदान होगा। नामांकन फार्म जमा करने के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के पुनारद निषाद पिता मेहतर निषाद ग्राम बोरसी, प्रकाश निषाद पिता नानाजी निषाद ग्राम लड़ेर, सागर निषाद पिता देवसिंग ग्राम भंवरमरा, उपाध्यक्ष पद के लिए दीपक निषाद पिता पलटन ग्राम लड़ेर, लखन निषाद पिता नोहर राम ग्राम ढीमरटिकुर नवागांव, बनउ निषाद पिता ब्रह्मा राम ग्राम सोनेवारा, महासचिव पद के लिए रिखी राम निषाद पिता हेमू निषाद ग्राम दरगहन, परदेशी निषाद पिता रविलाल ग्राम राजपुर, नील कुमार निषाद पिता जगदीश निषाद, कोषाध्यक्ष पद के लिए संतोष निषाद पिता मनराखन ग्राम भरारी, तोमन निषाद पिता ईश्वर निषाद ग्राम सेलदीप, परमानंद निषाद पिता केशरू राम ग्राम सोनेवारा, महिला उपाध्यक्ष पद के लिए निक्की निषाद पति संजय निषाद ग्राम लड़ेर ने फार्म जमा किया है।

आज 22 दिसम्बर को नामांकन वापसी का समय दोपहर 2.30 बजे तक तथा नामांकन वापसी के बाद 3.30 बजे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा।

# नाली तोड़कर मकान बनाने से आक्रोश

- ग्राम भीतरराज का मामला ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम भीतरराज के बीचपारा में एक व्यक्ति द्वारा नाली तोड़कर निजी मकान निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत द्वारा पहले से ही उक्त स्थान पर नाली का निर्माण किया गया था, जिससे गलियों से वर्षा एवं गंदा पानी बहकर बाहर निकलता था।

बताया जा रहा है कि उसी स्थान पर एक व्यक्ति द्वारा निजी मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण के दौरान संबंधित व्यक्ति द्वारा पंचायत की पूर्व निर्मित नाली को तोड़कर उस पर कॉलम (स्तंभ) खड़े किए जा रहे हैं। हालांकि उसने आगे नाली बनाने की बात कही है, परंतु नई बनाई गई नाली टेढ़ी मेढ़ी तथा असमंजस रूप में बनाई गई है, जिससे जल निकासी में बाधा उत्पन्न होने की संभावना बनी रहेगी दिखाई दे रहा है।

जब मकान मालिक से इस संबंध में जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि पंचायत ने जब नाली निर्माण किया था, आम के पेड़ के कारण तब हमारा निजी भूमि में बना दिया गया था। इसलिए अब मैं अपने ही स्थान पर मकान निर्माण कर रहा हूं। ग्राम पंचायत की सरपंच ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही निर्माण कार्य को तत्काल रोकने के निर्देश दिए गए हैं और स्थिति का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

कुछ ग्रामीणों का कहना है कि इस ओर से वाहन का आना-जाना होता था। बड़े वाहनों का आवागमन अब बंद हो जायेगा। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है।

# आसमान छू रहे हरी सब्जियों के दाम

- इतवारी बाजार : मुनगा 200, ढेंस 100, करेला, कटहल 80 रुपये किलो बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद हरी सब्जियों की कीमत में अपेक्षित गिरावट नहीं हो रही है। लगातार बढ़ते दाम ने आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि ठंड के मौसम में आमतौर पर तीन से चार माह तक हरी सब्जियां सस्ती रहती हैं, जिससे खाने का स्वाद और सेहत दोनों बेहतर रहते हैं, लेकिन इस बार हालात इसके ठीक उलट नजर आ रहे हैं। स्थानीय सब्जी बाजारों में धनिया, पालक, मेथी, भिंडी, टमाटर, हरी मिर्च जैसी रोजमर्रा की सब्जियां आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। गृहिणियों का कहना है कि पहले जहां 100 से 150 रुपये में सप्ताह भर की सब्जियां आ जाती थीं, अब उतनी ही रकम में केवल दो-तीन तरह की सब्जियां ही मिल पा रही हैं, जिससे घरेलू बजट बिगड़ गया है।

सब्जी उत्पादक किसानों का कहना है कि इस बार उत्पादन में बढ़ोतरी जरूर हुई है, लेकिन बाजार में मांग अधिक होने के कारण दाम नीचे नहीं आ पा रहे हैं। वहीं खाद-बीज, मजदूरी और परिवहन खर्च बढ़ने का असर भी सब्जियों की कीमतों पर साफ दिखाई दे रहा है। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार बाहर से आने वाली सब्जियों की आवक सीमित है, जबकि शहर में खपत लगातार बढ़ रही है, इसी वजह से कीमतें नीचे आने के बजाय ऊपर की ओर जा रही हैं।

सब्जी व्यवसायी मंशाराम पटेल और मनीराम पटेल ने बताया कि रविवार को ढेंस 100 रुपये किलो, मुनगा 200 रुपये किलो, भिंडी, ग्वारफली, हरी मिर्च, करेला, कटहल 80 रुपये किलो बिका। कुंदरू और परवल 60 रुपये किलो रहे। वहीं बरबटी, टमाटर, डोड़का, तोरई, कोचई, हरा धनिया और शिमला मिर्च 50 रुपये किलो, गाजर, गोभी और नवलगोल 40 रुपये किलो, जबकि भटा, कुमड़ा, केला, पत्ता गोभी, मूली और मटर 30 रुपये किलो बिकी।

किराना सामान की बात करें तो आलू 20, प्याज 30 रुपये किलो, शक्कर 45 रुपये, गुड़ 50 रुपये, हल्दी 200 रुपये, मिर्च 200 धनिया 120 रुपये, जीरा 260 रुपये, काली मिर्च 780 रुपये, लहसुन 160 रुपये और रिफाइंड तेल 120 से 130 रुपये प्रति लीटर तक बिका। अरहर दाल 110 रुपये, मूंग व उड़द दाल 90 रुपये, मसूर दाल 90 रुपये, काबुली चना 120 रुपये, देसी चना 80 रुपये, चना दाल 85 रुपये, पोहा 45 रुपये और खड़ा मसूर 80 रुपये किलो रहा।

# प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होने मंत्री रामविचार को दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन 28 दिसंबर को कृषि महाविद्यालय रायपुर स्थित कृषक सभागार में किया जाएगा। इसके साथ ही अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ महासमुंद, ध्रुव गोंड समाज महासमुंद एवं आदिवासी समाज के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरनारायण सिंह की प्रतिमा स्थापना हेतु भूमिपूजन एवं जनजाति गौरव महोत्सव का आयोजन 18 दिसंबर को महासमुंद में प्रस्तावित है। इन दोनों कार्यक्रम के लिए संघ के पदाधिकारियों ने रायपुर में रामविचार नेताम मंत्री आदिम जाति विकास से भेंटकर उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। मंत्री ने दोनों कार्यक्रमों में उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की।

इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष आरएन ध्रुव, प्रांतीय सचिव एसपी ध्रुव, जिलाध्यक्ष एमएल ध्रुव, सामाजिक प्रमुख डीडी मांझी, भुनेश्वर ध्रुव, श्याम ध्रुव एवं परशु ध्रुव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# राज्य पुरस्कार स्काउट जांच परीक्षा में देमार स्कूल के चार छात्र शामिल हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार के प्राचार्य देवनाथ साहू के निर्देशन एवं स्काउट मास्टर दुवेंद्र कुमार मंडावी के मार्गदर्शन में चार छात्र बाबू धरमदास इंडोर स्टेडियम बागबाहरा रोड महासमुंद में आयोजित राज्य पुरस्कार स्काउट जांच परीक्षा में सम्मिलित हुए। कक्षा 12वीं वाणिज्य के स्काउट जिमेश यादव, कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य के छात्र ऋतुराज साहू व कक्षा 11वीं कला के छात्र निलेश कुमार गायकवाड़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

तीनों की इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, सरपंच विमलेश मीनपाल, उपसरपंच परमेश्वरी साहू, जनपद सदस्य योगेश मारकंडे, सदस्य संत कुमार साहू, शीतकुमार साहू, संजय साहू, खोरबाहराराम साहू, राकेश सिन्हा, दिनेश कुमार साहू, चंद्रकला बंजारे, पदमनी साहू, रूपेश बंजारे, देवेंद्र साहू, शीतल मीनपाल, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी, जिला डीओसी स्काउट नेमलाल गंगेले, जिला डीओसी गाइड हिना भेसले, जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदूजा, जिला स्काउट अध्यक्ष गणेशप्रसाद साहू ने हर्ष जताया है।

# डीजे डांस में प्रतिभागियों ने मचाया धमाल

**नगरी।** गुरु घासीदास जयंती महोत्सव पर ग्राम छिपली में आयोजित राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का उद्घाटन सिहावा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने किया। कार्यक्रम का आयोजन सतनाम युवा सेना एवं आयोजन समिति ने किया। इस अवसर पर सतनाम युवा सेना के अध्यक्ष दिनेश बंजारे, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, सरपंच लिकेश्वरी पोटाई, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, जनपद सदस्य मगरलोड दुर्गेश नंदनी साहू, पूर्व जिला पंचायत सभापति मीना बंजारे, उपसरपंच घेवर साहू, विनोद साहू उपस्थित थे।

अपने उद्बोधन में जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू ने गुरु घासीदास के विचारों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, समानता एवं युवा सहभागिता का संदेश दिया। प्रतियोगिता को युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का सशक्त मंच बताया। कार्यक्रम में रुस्तम नवरंग, मुकेश लहरे, अज्जू ख्वास, सूरज लहरे, योनिस कुर्रे, पिंटू सेवई, आदित्य, लोकेश टंडन, अमृत सेवई, निखिल बंजारे, देवा कौर, विनोद नवरंग, विकास भारती, भोज नवरंग, संतू चतुर्वेदी, लक्की सेवई, विक्की निराला, नीलकमल, योगेंद्र टंडन ने सक्रिय भूमिका निभाई।



**खबर संक्षेप**

## छात्रों के शैक्षणिक स्तर का किया आकलन

**नगरी।** नगरी विकासखंड शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता डिजिटल मूल्यांकन कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में मूल्यांकन कार्य किया गया। माध्यमिक शाला बरबांधा (बेलरगांव) एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजपुर नगरी में डिजिटल माध्यम से विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का आकलन किया गया। मूल्यांकन के दौरान विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। शिक्षकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए विद्यार्थियों को डिजिटल मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी दी तथा उन्हें सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता का निष्पक्ष आकलन कर शिक्षा स्तर को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता डिजिटल मूल्यांकन से विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता का वास्तविक मूल्यांकन संभव हो सकेगा, जिससे भविष्य में शैक्षणिक सुधारों की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकेंगे।

## कांग्रेस जनता को गुमराह करने धरना प्रदर्शन का ढोंग कर रही : महापौर

**धमतरी।** नगर निगम कार्यालय के सामने कांग्रेस पार्षदों और नेताओं द्वारा किए जा रहे सात दिवसीय धरना प्रदर्शन के तीसरे दिन उस समय माहौल गरमा गया, जब प्रदर्शनकारी महापौर रामू रोहरा की गाड़ी के सामने आकर नारेबाजी करने लगे। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर महापौर रामू रोहरा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। महापौर ने कहा कि कांग्रेस के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। मुद्दाविहीन कांग्रेस जनता को गुमराह करने और राजनीति में बने रहने के लिए धरना प्रदर्शन का ढोंग कर रही है। लोकतंत्र में विरोध और अपनी बात रखने का सभी को अधिकार है, लेकिन अमर्यादित और खतरनाक तरीके से विरोध करना कतई उचित नहीं है। चलती गाड़ी के सामने रेलवे प्रभावितों को लाना बेहद गैर-जिम्मेदाराना कदम है, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो सकती थी। ऐसे में यदि कोई हादसा होता, तो उसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होती। रेलवे प्रभावितों के मुद्दे पर महापौर ने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से उनके साथ खड़ी रही है और उनके हितों की चिंता करती रही है। उन्होंने कांग्रेस से सवाल पूछते हुए कहा कि जब नगर निगम और प्रदेश में पांच वर्षों तक कांग्रेस की सरकार थी, तब रेलवे प्रभावितों के पुनर्वास के लिए कांग्रेस ने क्या किया।



### मेनोनाईट चर्च में क्रिसमस की उमंग, हुई विशेष आराधना

# संडे स्कूल के बच्चों के एक्शन सांग और लघु नाटक ने मोहा मन





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

क्रिसमस पर्व की तैयारियों को लेकर इन दिनों समूचा मसीही समुदाय उत्साह और श्रद्धा के साथ जुटा हुआ है। इसी क्रम में सुंदरगंज स्थित मेनोनाईट चर्च धमतरी में रविवार को विशेष रविवारीय आराधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संडे स्कूल के बच्चों ने एक्शन सांग प्रस्तुत किया, वहीं प्रभु यीशु मसीह के जन्म पर आधारित लघु नाटक ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

रविवारीय आराधना कार्यक्रम में चर्च परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। आराधना की शुरुआत आराधना की पुकार एवं आरंभिक प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात शास्त्र पठन, उत्तरवादी पाठ, विश्वास पठन, प्रभु की प्रार्थना एवं राष्ट्र के लिए विशेष प्रार्थना की गई। गीत, कलिशियाई प्रार्थना एवं कलिशियाई सूचना का संचालन ग्लोरी लाल, अनमोल, प्रियांश, पार्थ तिवारी, समर्पण, आदित्य, शिमोना, होशन्ना, मिलाप एवं रेव्ह. आशीष मिलाप द्वारा किया गया। इसके बाद शास्त्र पठन एवं विशेष प्रार्थना श्रेयांश खरे और अलौकिक पाईक ने की। भेंट अर्पण तथा सालगिरह मनाने वाले सदस्यों के लिए प्रार्थना रायन जेकब द्वारा कराई गई। प्रार्थना एवं आशीष वचन रेव्ह. आशीष मिलाप ने प्रदान किया।

कार्यक्रम में एमसीआई सचिव सेवक अनिल राघवा, सेविका चेरमा माहतो, सेविका शैलजा सोनवानी, सेवक एलसी ख्रिस्टी, सेवक किरण जानसन, डॉ. नीरज नेताम, सेविका अर्चना नेताम, नीतेश बेथे, सपना पाल, सीमा राघवा, शैन राघवा, मार्विन चरण, योगेश लाल, स्पनिल सोनवानी, प्रणय लाल, सरिता, विनेश मयंक, विक्टर, वालेशचरण, कल्याण मसीह सहित बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग उपस्थित रहे। संडे स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति ने क्रिसमस के संदेश प्रेम, शांति और सेवा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन उल्लासपूर्ण माहौल और प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की खुशियों के साथ हुआ।

# दर्री में इलेक्ट्रिक चाक का वितरण

- आत्मनिर्भर भारत को सशक्त बनाने पुश्तैनी व्यावसायिक कार्यों को बढ़ाएं आगे : प्रीतेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुम्हार समाज के परंपरागत व्यवसाय को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड की कुंभकार टेराकोटा योजना अंतर्गत ग्राम दर्री में कुम्हार परिवारों को इलेक्ट्रिक चाक का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी थे।

इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि इलेक्ट्रिक चाक के माध्यम से कुम्हार समाज के भाइयों को मिट्टी से संबंधित विभिन्न सामग्रियों के निर्माण में समय एवं आर्थिक लागत दोनों की बचत होगी। इससे उनके परिवारों में समृद्धि आएगी तथा छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा एवं मान्यताओं से जुड़े इस प्राचीन व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन 2047, स्किल इंडिया एवं मेड इन इंडिया की परिकल्पना को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पुश्तैनी व्यवसायों को अपनाकर उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ें, जिससे समाज और राष्ट्र मजबूत बने।

नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने कहा कि आज हम अपनी पहचान को खोते जा रहे हैं, ऐसे में जरूरी है कि नई तकनीक के साथ अपनी पारंपरिक पद्धतियों को आगे बढ़ाया जाए, जिससे आर्थिक समृद्धि संभव हो सके।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य गीतेश्वरी, निरंजन साहू, सरपंच हिमांशु शेखर साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता द्विजराम कुंभकार प्रांतीय प्रतिनिधि कुंभकार समाज छत्तीसगढ़ रायपुर ने की। मौके पर राजकुमार कुंभकार, बहुरसिंह चक्रधारी, टेकराम चक्रधारी, रामकृष्ण चक्रधारी, अशोक सर्वा, माखन यादव, चंद्रेश साहू, दिगेश्वर साहू, डेमन कोसरिया, अश्वनी कुंभकार, लुमेश कुंभकार, विशु चक्रधारी सहित ग्राम विकास समिति दर्री के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## गोंडवाना समाज की कार्यशाला 24 से

**नगरी।** गोंडवाना समाज युवा प्रभाग उपक्षेत्र नगरी द्वारा 24 एवं 25 दिसम्बर को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मुकुंदपुर (खमनापारा) में किया जा रहा है। मुख्य अतिथि श्रवण मरकाम, विशेष अतिथि प्रमोद कुंजाम होंगे। अध्यक्षता सुखराम मरकाम करेंगे। विशिष्ट अतिथि सुखबती मरकाम, राधेश्याम नेताम, रामदेव सोरी, दुर्गा दर्रो, खिलेश्वरी, कविता ध्रुव, चित्ररेख कुंजाम, शारदा ध्रुव होंगे।

# कथा श्रवण से जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं : पं. कामताप्रसाद

- बनियापारा वार्ड में सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शिव शक्ति महिला मंडल बनियापारा के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस शनिवार को कथावाचक पं. कामताप्रसाद शरण ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिव महापुराण कथा श्रवण से जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं। भगवान शंकर अत्यंत भोले हैं और वे भाव के भूखे हैं।

उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य के भीतर अहंकार और अभिमान रहता है, तब तक उसकी परमात्मा से दूरी बनी रहती है। जीवन के प्रत्येक कार्य को पूरे मन, श्रद्धा और विश्वास के साथ करना चाहिए, चाहे वह भजन-कीर्तन हो या कोई अन्य कार्य। ऐसा करने से जीवन में सुख, शांति और संतोष की प्राप्ति होती है।


कथावाचक पं. कामताप्रसाद शरण ने नारद मोह की कथा का सुंदर वर्णन करते हुए बताया कि नारद मुनि को अपनी भक्ति और तपस्या पर यह अभिमान हो गया था कि उनसे बड़ा कोई भक्त नहीं है और वे त्रिलोक में सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी हैं। एक बार इन्द्रदेव नारदजी के पास आए और कामदेव को हराने के बाद अपनी प्रशंसा करने लगे। यह सुनकर नारदजी के भीतर भी अभिमान उत्पन्न हो गया कि वे इन्द्र को भी पराजित कर सकते हैं।



इसके बाद नारद मुनि विश्व मोहिनी रूपी माया के प्रभाव में आकर सुंदर रूप प्राप्त करने की इच्छा से भगवान विष्णु के पास जाते हैं, लेकिन भगवान विष्णु उन्हें वराह रूप प्रदान कर देते हैं, जिससे उन्हें अपमानित होना पड़ता है। इसी अपमान के कारण नारद मुनि भगवान विष्णु को सीता वियोग का श्राप देते हैं, जो आगे चलकर भगवान राम और माता सीता के जीवन में पूर्ण होता है। इस घटना से नारद मुनि का अभिमान टूटता है और उन्हें आत्मबोध होता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में भाव-विभोर नजर आए। इस अवसर पर पार्षद युगलकिशोर यादव, राकेश चंदवानी, सुबोधसिंह ठाकुर, जान भाई, बबला पटेल, संजय बिल्लू यादव, घनाराम सोनी, बसंत यादव, मोहन यादव, अमित यादव, विक्की मंगलानी, सूरज फूटान, अरूण फूटान, गुरू पटेल, लालू पटेल, विनोद पटेल, मनोज पटेल, संतोष पटेल, धन्नू यादव, भगवत पटेल, मदन पटेल, मनोज सोनी, हिमांशु पटेल, हेमंत पटेल, पूर्व पार्षद ममता शर्मा, प्रेमादेवी यादव, जागेश्वरी धीवर, उपाध्यक्ष शांता यादव, पुष्पा यादव, सचिव मधु यादव, दीशा पटेल, जानकी पटेल, मधु पटेल, सुनीता पटेल, दुर्गा यादव, ईश्वरी पटेल, वेदबाई पटेल, अंजलि यादव, संध्या धीवर, श्रीमती खुशबू अग्रवाल, दुर्गा यादव सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।

# शादी कार्ड के लिंक से हो रही साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शादी के मौसम के साथ ही साइबर अपराधियों ने लोगों को ठगने का नया तरीका अपनाया है। अब ठगी का जाल ऑनलाइन शादी कार्ड के नाम पर फैलाया जा रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप या निजी चैट में किसी परिचित की प्रोफाइल फोटो और नाम से शादी का निमंत्रण भेजा जा रहा है, जिस पर क्लिक करते ही मोबाइल फोन साइबर हमले की चपेट में आ जाता है।

साइबर जानकारों के मुताबिक ठग पहले किसी व्यक्ति की पहचान की नकल करते हैं और उसी नाम से शादी के कार्ड का लिंक साझा करते हैं। इस लिंक में अक्सर एपीके फाइल जुड़ी होती है, जिसे खोलते ही फोन में खतरनाक सॉफ्टवेयर इंस्टॉल हो जाता है। इसके बाद मोबाइल में मौजूद फोटो, कॉन्टैक्ट, मैसेज और बैंकिंग ऐप्स तक हैकर की पहुंच बन जाती है। कई मामलों में ओटीपी और वित्तीय जानकारी के दुरुपयोग की शिकायत भी सामने आई है।

पीड़ितों का कहना है कि फाइल डाउनलोड होने के बाद फोन अपने आप काम करने लगता है, डेटा तेजी से खत्म होता है और अनजान गतिविधियां दिखने लगती हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि ऐसे कई लिंक देश से बाहर के सर्वरों से संचालित हो रहे हैं, जिससे साइबर सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। साइबर पुलिस के अनुसार, हाल के दिनों में इस तरह की ठगी के मामलों में लगातार इजाफा हुआ है।

विशेषज्ञों का मानना है कि साइबर ठग भावनाओं को हथियार बना रहे हैं। शादी का निमंत्रण मिलने की खुशी में लोग बिना जांचे-पड़ताले लिंक खोल लेते हैं और यही लापरवाही नुकसान का कारण बनती है।

साइबर पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान या संदिग्ध लिंक से आई .apk या .zip फाइल को डाउनलोड न करें। शादी के किसी भी ऑनलाइन निमंत्रण की पहले संबंधित व्यक्ति से फोन पर पुष्टि करें। मोबाइल में सुरक्षा से जुड़े ऐप्स का उपयोग करें और सोशल मीडिया व बैंकिंग ऐप्स में टू-स्टेप वेरिफिकेशन जरूर चालू रखें।

यदि किसी ने गलती से संदिग्ध लिंक खोल लिया है तो तुरंत मोबाइल इंटरनेट बंद करें और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। विशेषज्ञों का कहना है कि सतर्कता और जागरूकता ही इस तरह की साइबर ठगी से बचाव का सबसे मजबूत उपाय है।

**हरिभूमि**

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता- गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

# सटीक खुफिया जानकारी, आपसी समन्वय से होगा नक्सलवाद का खात्मा : सूरज सिंह



एसपी कार्यालय में हुई यूडीओसी की उच्चस्तरीय समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


नक्सल समस्या का समाधान केवल बल प्रयोग से नहीं किया जा सकता है। इसके लिए सटीक खुफिया जानकारी, आपसी समन्वय और जनभागीदारी जरूरी है। जिले में सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच तालमेल को और अधिक मजबूत किया जा रहा है ताकि नक्सल गतिविधियों पर निर्णायक प्रहार किया जा सके। यह बातें एसपी सूरजसिंह परिहार ने कही। रविवार को एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार की अध्यक्षता में यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट ऑपरेशनल कमांड (यूडीओसी) की उच्चस्तरीय समन्वय बैठक हुई, जिसमें नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर फोकस किया गया। एसपी श्री परिहार ने कहा कि सभी सुरक्षा बलों के बीच नियमित संवाद और समन्वय आवश्यक है। ऑपरेशनल सफलता तभी संभव है जब हर एजेंसी पारदर्शिता, तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावी नियंत्रण हेतु संयुक्त रणनीति बनाई गई। पुलिस बलों के बीच समन्वय एवं सख्त कार्रवाई करने सख्त निर्णय लिए गए।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन, एसडीओपी नगरी, विशेष आसूचना शाखा (एसआईबी) प्रभारी, नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्रों के थाना प्रभारी, डीआरजी, सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की गई। जंगल एवं दुर्गम क्षेत्रों में संदिग्ध नक्सली गतिविधियों, ग्रामीणों पर माओवादी दबाव तथा हालिया नक्सली घटनाओं का समग्र विश्लेषण किया गया। संयुक्त एवं समन्वित कार्ययोजना तैयार की गई। सीआरपीएफ, सीएएफ, जिला पुलिस, डीआरजी एवं एसआईबी के मध्य त्वरित सूचना-साझाकरण, संयुक्त सर्च ऑपरेशन, नियमित गश्त एवं रणनीतिक कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति बनी। खुफिया तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया। स्थानीय मुखबिर नेटवर्क को सक्रिय करने तथा सूचनाओं की गुणवत्ता व विश्वसनीयता बढ़ाने पर बल दिया गया। ग्रामीण अंचल में सामुदायिक पुलिसिंग, स्वास्थ्य शिविर, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से आमजन का विश्वास अर्जित कर नक्सली प्रभाव को कमजोर करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नक्सलियों के आत्मसमर्पण को प्रोत्साहित करने एवं प्रभावी पुनर्वास नीति के क्रियान्वयन पर फोकस करते हुए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यूडीओसी की समन्वय बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित की जाएगी, जिसके आधार पर सभी ऑपरेशनल गतिविधियों की निरंतर समीक्षा एवं आगामी रणनीति तय की जाएगी। बैठक में विशेष रूप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल शैलेन्द्र पांडेय, एसडीओपी नगरी विपिन रंगारी, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल कैम्प सिहावा, बहीगांव, खल्लारी के प्रभारी, डीआरजी नगरी, थाना प्रभारी नगरी, सिहावा, बोराई, मेचका, दुगली, मगरलोड एवं खल्लारी, विशेष आसूचना शाखा प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020